RAJHIN2833/20/01/04
Approved by Government of India
विश्व नायक
सम्पूर्ण राज्य में प्रसारित व दक्षिण-पूर्वी, राजस्थान का हिन्दी प्रमुख समाचार पत्र
वर्ष : 19 अंक : 88 कोटा, राजस्थान, शनिवार, 30 सितंबर 2023 पेज-8, मूल्य : 3 रूपया

आजादी से पूर्व सीएसआईआर जैसे संगठन की स्थापना का निर्णय दूरदर्शी और प्रशंसनीय : पी आर शर्मा

बदलती राष्ट्रीय चुनौतियों के अनुरूप सीएसआईआर के वैज्ञानिक योगदान हेतु तत्पर : डॉ पी सी पंचारिया

विश्व नायक

पिलानी, 29 सितंबर, सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान, पिलानी, में 29 सितंबर, 2023 को वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) का 82वाँ स्थापना दिवस समारोहपूर्वक आयोजित किया गया । राजस्थान निर्यात संवर्धन परिषद, जयपुर के सीईओ श्री पी आर शर्मा समारोह के मुख्य अतिथि थे। सीएसआईआर-सीरी के पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री एस रघुनाथ एवं श्री पी वी एल रेड्डी इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने की। विगत एक वर्ष के दौरान संस्थान से सेवानिवृत्त हुए 12 सहकर्मियों तथा परिषद में 25 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले संस्थान के 06 सहकर्मियो को उनकी समर्पित सेवा के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही कक्षा 12 में विज्ञान विषयों में 90% से अधिक अंक प्राप्त करनेवाले तथा आईआईटी और आईआईएम में प्रवेश लेने वाले सीरी कार्मिकों के बच्चों सहित सीएसआईआर निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर संस्थान के वर्तमान एवं पूर्व सहकर्मियों सहित सीरी विद्या मंदिर की प्रधानाचार्या श्रीमती बी राशेल एवं मीडियाकर्मियों सहित पिलानी के गणमान्यजन उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री पी एल शर्मा ने अपने स्थापना दिवस संबोधन में सीरी सहित सीएसआईआर के सभी वर्तमान व पूर्व सहकर्मियों को सीएसआईआर स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में आजादी से पूर्व ही सीएसआईआर जैसे अनुसंधान संगठन की स्थापना के दूरदर्शी विचार एवं उसे मूर्त रूप देने के लिए देश के नीति नियंताओं को नमन किया। उन्होंने सीएसआईआर प्रयोगशालाओं की जनशक्ति और संसाधनों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उपलब्ध संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग द्वारा उत्पादन और गुणवत्ता के लक्ष्य प्राप्त करने होंगे उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि के रूप में मेरा मानना है कि केंद्र के साथ-साथ राज्य सरकारों के विभागों के साथ भी सीएसआईआर जैसे जीवंत संगठन और उसकी राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं का तालमेल अनिवार्य है। उन्होंने डॉ पंचारिया के इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों में अपना भरपूर सहयोग करने का आश्वासन दिया।

विशिष्ट अतिथि श्री पी वी एल रेड्डी एवं श्री एस रघुनाथ ने संस्थान में बिताए सेवाकाल के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि उन्हें गर्व है कि हमने सीएसआईआर जैसे प्रतिष्ठित अनुसंधान संगठन में इलेक्ट्रॉनिक्स अनुसंधान को समर्पित देश की अग्रणी राष्ट्रीय प्रयोगशाला ह्यसीरीह्न को अपनी सेवाएँ दीं। उन्होंने सेवा सम्मान प्राप्त करने वाले सहकर्मियों सहित सीरी परिवार के सभी पूर्व व वर्तमान सहकर्मियों व अतिथियों को सीएसआईआर स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई दी।

इससे पूर्व संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने सभी अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया और सभी अतिथियों, वर्तमान व पूर्व सहकर्मियों को 82वें सीएस आईआर स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने इस अवसर पर परिषद प्रयोगशालाओं के प्रमुख शोध कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने सीएसआईआर की स्थापना की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सीएसआईआर ने सदैव देश की वर्तमान स्थिति एवं आवश्यकताओं के अनुरूप अपने अनुसंधान और विकास कार्यों से देश एवं उसके नागरिकों की सेवा की है। उन्होंने कहा कि बदलती वैश्विक परिस्थितियों के अनुरूप हमारी प्रयोगशालाएं भी स्वयं को बदल रही हैं और सदैव देश की सेवा के लिए तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि सीएसआईआर की अनुसंधान प्रयोगशालाएं विभिन्न क्षेत्रों में अपने शोध कार्यों से पूरे देश को लाभान्वित कर रही हैं और इस प्रकार सीएसआईआर पूरे देश का प्रतिनिधित्व करता है। समारोह का संचालन वैज्ञानिकों डॉ राजेन्द्र कुमार वर्मा एवं सुश्री मनिंदर कौर ने किया। संचालन के दौरान उन्होंने सभी उपस्थित सहकर्मियों एवं अन्य आमंत्रित अतिथियों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का औपचारिक परिचय भी दिया। अंत में संस्थान के डॉ सुचंदन पाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ हुआ।